खाटू में आजा रे | By Pratyush Kasera

छोड़ के चिंता तू खाटू में आजा रे
हारे के सहारे से तू मिलने आजा रे
छोड़ के चिंता तू ....

दुनिया की बातों को दिल पे ना लगाना
श्याम भजन कर प्यारे ग्यारस पे आना
मेरा सेठ सांवरिया बाबा खाटू का राजा रे
हारे के सहारे से तू मिलने आजा रे
छोड़ के चिंता तू ....

जो आता पहली बार बाबा जी के द्वार
घर जाने से पहले ही मिले शुभ समाचार
खाटू की माटी को तू माथे पे लगा जा रे
हारे के सहारे से तू मिलने आजा रे
छोड़ के चिंता तू ....

शीश झुकाना मेरे श्याम के चरणों में
तू कहेगा मन लगा मेरा बाबा के चरणों में
अखण्ड ज्योत के दर्शन सजन करता जा रे
हारे के सहारे से तू मिलने आजा रे
छोड़ के चिंता तू ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-pratyush-kasera/